BULLETANGEL

🔰विशेष प्रश्नोत्तरी🔰
21/10/2024
👇👇👇👇👇👇👇👇
प्रश्न ▪1आधार लिंकिंग और आधार सीडिंग में क्या अंतर है?
उत्तर: आधार लिंकिंग में बैंक खाताधारक के आधार नंबर को खाताधारक की पहचान और Address Proof के तौर पर दर्ज करता है जिसे आधार लिंकिंग कहा जाता है।आधार लिंकिंग बैंक के स्तर पर ही होता है। आधार सीडिंग NPCI Mapper पर खाताधारक के आधार नंबर को व्यक्ति के बैंक खाते से जोड़ा जाता है।जिसे आधार सीडिंग कहा जाता है।

प्रश्न: ▪2 आधार सीडिंग क्यों आवश्यक है?
उत्तर: सरकार की तरफ से जितने भी प्रकार के लाभ/सब्सिडी लाभार्थी के खाते में जमा की जाती है वो NPCI के माध्यम से आधार ब्रिज सिस्टम के द्वारा की जाती है।इसलिए लाभार्थी खाता धारक के आधार नबर को बैंक खाते के साथ NPCI Mapper पर जोड़ा जाना आवश्यक है।इसके अभाव में लाभार्थी को डीबीटी के माध्यम से भुगतान संभव नहीं है।उदाहरण के तौर पर विद्यार्थियों की छात्रवृति के भुगतान के लिए आधार सीडिंग आवश्यक है।

प्रश्न: ▪3 आधार सीडिंग किस प्रकार करवाई जा सकती है?
उत्तर: आधार सीडिंग व्यक्ति स्वयं के स्तर पर कुछ चुनिंदा बैंक जो बैंक NPCI पोर्टल पर mapped है ऑनलाइन की जा सकती है।जिसमे सामान्य जानकारी जिसमें आधार नंबर बैंक खाता नंबर दर्ज करके सबमिट करने पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त OTP दर्ज करके करवाई जा सकती है।बाकी के बैंक के लिए लाभार्थी को बैंक में व्यक्तिगत तौर पर जाकर बैंक द्वारा निर्धारित फॉर्म भरकर जमा करवा कर आधार सीडिंग का कार्य करवाया जा सकता है।

प्रश्न:▪4 लाभार्थी को कैसे पता चलेगा कि उसका बैंक खाता आधार सीडिंग हो गया है?
उत्तर: खाताधारक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर इस आशय का मैसेज आएगा कि खाता आधार सीडिंग सफलता पूर्वक हो चुका है।

प्रश्न:▪ 5 यदि मैसेज नहीं आए तो क्या कार्यवाही करनी होगी सुनिश्चित करने के लिए कि आधार सीडिंग हुआ या नहीं?
उत्तर:बैंक में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर पता किया जाना चाहिए।यदि Request reject हुई है तो कारण पता कर आक्षेप दूर कर बैंक के माध्यम से पुनः request NPCI को भिजवाई जावेगी।

प्रश्न:▪6 जो खाते बंद है क्या उनकी आधार सीडिंग भी करवाई जा सकती है?
उत्तर: बैंक नियमानुसार लेन देन न होने के कारण जो खाते बंद हो चुके है उन्हें परिचालन स्थिति में लाने के लिए बैंक में KYC करवा कर चालू करवाए उसके उपरांत आधार सीडिंग करवाई जा सकती है।

हंसराज जोशी
प्रधानाचार्य
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजपुरा पिपेरन
ब्लॉक सूरतगढ़
जिला श्री गंगानगर
🏵️पे मैनेजर इन्फो🏵️

PM Info

BULLETANGEL